# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–27 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक जिला, एक उत्पाद के दृष्टिकोण से जुड़ी पहल किसानों को सशक्त बना रही हैं। इससे स्थानीय रोजगार सृजित हो रहा है और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन का एक लेख साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह लेख इस बात पर प्रकाश डालता है कि घरेलू खाद्य प्रसंस्करण क्षमता को मजबूत करना राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकता है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर डिजिटल अरेस्ट के मामलों में उनके द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी का विवरण मांगा है। न्यायालय ने देश में बढ़ते डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं को देखते हुए सभी मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सौंपने पर भी विचार किया है।

**********

लोकआस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ पारम्परिक तरीके से मनाया जा रहा है। महापर्व के तीसरे दिन आज व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना कर रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के कई गणमान्य लोगों ने छठ पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान में आज आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में हिस्सा भी लिया।

प्रदेश के गोरखपुर, कुशीनगर, अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज सहित कई अन्य जिलों में भी छठ पर्व पर घाटों पर भारी भीड़ है। छठ गीतों के साथ आतिशबाजी और घाटों की साज–सज्जा लोगों को आकर्षित कर रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर स्थित कुशीनगर जिले में इस पर्व पर विशेष उत्साह है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***कुशीनगर जिले में सरोवरों तथा नदी किनारे बने छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जिले के तुर्कपट्टी स्थित प्राचीन सूर्य मन्दिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है। छठ महापर्व के कल चौथे दिन व्रती महिलाएं उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत सम्पन्न करेंगी। कई स्वयं सेवी संगठनों ने छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबन्ध किये हैं। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। विवेक पाण्डेय,आकाशवाणी समाचार,कुशीनगर।***

कल सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व का समापन हो जाएगा।

**********

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज में नारायणी नदी के तट पर आज से मॉडल रॉकेट्री–कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता का चार दिवसीय भव्य समारोह शुरू हो गया। इसके तहत पहले दिन की प्रतियोगिताओं का उद्घाटन देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने अपनी पत्नी के साथ पूजा अर्चना कर किया। तीस अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में इकहत्तर कैनेसट रॉकेट प्रक्षेपित किये जायेंगे। इसी क्रम में, प्रक्षेपण स्थल से एक किलोमीटर दूर स्थापित कमांड सेंटर से आज युवा वैज्ञानिकों ने चार रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया। हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि ने बताया कि यह आयोजन भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो और एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया–एएसआई के सहयोग से किया जा रहा है।

**********

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। खाद्य पदार्थों पर नई जीएसटी दरों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर करों में कमी करके नागरिकों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। नए कर संरचना के तहत पिज्जा ब्रेड, खाखरा और चपाती को कर–मुक्त कर दिया गया है, जिन पर पहले पांच प्रतिशत जीएसटी लगता था। इसी तरह पहले अठारह प्रतिशत कर स्लैब में आने वाले में पराठा और परोटा को भी अब कर से मुक्त कर दिया गया है। आम आदमी पर कर का बोझ कम करने के लिए सरकार ने सूप, ब्रेड, चॉकलेट, कोको उत्पादों के साथ–साथ चाय और कॉफी के अर्क पर भी जीएसटी घटा दिया है। अब इन सभी वस्तुओं पर जीएसटी टू प्वाइंट ओ के अंतर्गत केवल पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। आरजू और ईशानी के साथ सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

आज से सतर्कता जागरूकता सप्ताह दो हजार पचीस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश में सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करना है। इस सप्ताह का विषय है, सतर्कता – हमारी साझा जिम्मेदारी। इसी क्रम में आज वाराणसी के भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान–आईआईटी बीएचयू में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने उपस्थित लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

**********